महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ में तेजी से बढ़ रहा है कोरोना,संक्रमण दर पहुचा 3 प्रतिशत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना लगातार बढ़ रहा है। हालांकि केस सामान्य रूप से ही बढ़े हैं। इस बीच, संक्रमण दर 3.78 प्रतिशत दर्ज किया गया। पिछले तीन-चार महीने बाद संक्रमण दर 3 प्रतिशत से ज्यादा है। पिछले 24 घंटे में 110 नए मरीज मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा दुर्ग में 16 केस शामिल हैं। रायपुर में 15 नए मरीज मिले। पिछले कुछ दिनों से दुर्ग जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या ज्यादा पाई जा रही है। राहत की बात है कि इस दौरान कोई मौत नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में 6 जुलाई से 9 जुलाई तक कोरोना के नए मरीजों की संख्या प्रतिदिन 2 सौ से अधिक रही। शनिवार को 258 संक्रमित मिले थे। इसकी तुलना में रविवार को कोरोना के नए मरीजों की संख्या कम है। इसकी मुख्य वजह यह है कि पिछले 24 घंटे में 2911 लोगों की कोरोना जांच हुई। जबकि अन्य दिनों में दस हजार से अधिक लोगों की जांच हो रही है। कोरोना के आज 110 मरीज मिलने की वजह से राज्य में अब सक्रिय मरीजों की संख्या 1455 हो गई है। अभी भी अधिकांश मरीजों में सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश जैसे लक्षण मिल रहे हैं।

अज्ञात वाहन की ठोकर से 20 फीट नीचे नाले में गिरा युवक, मौत

रायपुर (आरएनएस)। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के काशीराम नगर और अमलीडीह को जोडऩे वाली आर्च ब्रिज के नीचे नाले में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके में पहुंची ने बताया कि अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मारा है। जिससे युवक 20 फीट नीचे नाले में गिरा है और उसकी मौत हुई है। बहरहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

साले और ससुर ने पूज दी दामाद की पीठ

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक में घरेलू विवाद को लेकर साला एवं ससुर ने अपने दामाद से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गिरी गोपाल सोनीं 30 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी राजेश तांडी, बजरंग व सुखरू तांडी जो प्रार्थी के साला व ससुर है। घरेलू विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

तेंदुए ने ग्राम देवकोंगेरा में तीन बकरियों का किया शिकार

कांकेर (आरएनएस)। वन परिक्षेत्र कांकेर अंर्तगत ग्राम देवकोंगेरा के फ्लाई एस ब्रिक्स फैक्टरी में बीती रात तेंदुएं ने तीन बकरियों को अपना शिकार बनाया। वहीं शहर के करीब मनकेशरी में सुबह एक महिला पर भालू ने हमला कर दिया। महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। रेंजर संदीप सिंह ने बताया कि ग्राम देवकोंगेरा में फ्लाई एस ब्रिक्स फैक्टरी संचालित हो रही है, जिसका संचालन उदित पॉसी द्वारा किया जा रहा है। उसने सूचना दिया कि उनकी फैक्ट्री में दो बकरा और एक बकरी को बीती रात तेंदुए ने हमला कर शिकार बना लिया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने देखा तो तेंदुआ ने उनके दो बकरों और एक बकरी को खा गया है। बकरे व बकरी के शव को पोस्टमार्टम के बाद जला दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर उनका मुआवजा प्रकरण बनाकर कार्यालय में भेजा जाएगा। उदित पॉसी ने बताया कि इससे पहले भी तेंदुआ कई बार फैक्टरी में आ चुका है, लेकिन कभी बकरा बकरियों पर हमला नहीं किया था।

छत्तीसगढ़ में रूरल इकॉनमी ने पकड़ी रफ्तार

पिछले तीन साल में रिकॉर्ड 76 हजार किसानों ने खरीदे ट्रैक्टर

❒ बस्तर के नक्सल प्रभावित जिलों में पिछले छह महीने में 2 हजार ट्रेक्टर बिके

❒ पिछले साल की तुलना में ट्रैक्टर बिक्री में साढ़े पांच फीसदी की बढ़ोतरी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में रूरल इकॉनमी किस रफ्तार से दौड़ रही है ये इस बात से पता चलता है कि पिछले तीन साल में 76 हजार से अधिक किसानों ने ट्रैक्टर खरीदे हैं। साल 2019 से 2021 रिकॉर्ड ट्रैक्टर की बिक्री ये दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ में किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। इसके साथ ही कोरोनकाल में मंदी का बिल्कुल असर नहीं दिखा। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार ने सत्ता में आते ही घोषणा पत्र में वादे के अनुरूप किसानों का कर्ज माफ कर दिया था। उसके बाद भी लगातार किसानों को केंद्र में रखकर नई-नई योजनाएं लायी गईं। यही वजह है कि किसानों के हाथ मे खूब पैसा आया और किसानों ने खेती को आसान बनाने जमकर ट्रैक्टर खरीदे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात कार्यक्रम में जहां भी जा रहे हैं, हर जगह सहकारी बैंक खोलने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है और मुख्यमंत्री लगातार बैंक खोलने की घोषणा कर भी रहे हैं। मतलब साफ है किसानों के पास पैसा आया है।

साल 2019 में 25 हजार 607, 2020 के कोरोनकाल के दौरान 24 हजार 590 और 2021 में 25 हजार 932 ट्रैक्टर खरीदी हुई। साल 2021 में 2020 की तुलना में साढ़े 5 फीसदी अधिक ट्रैक्टर खरीदी हुई।

बस्तर क्षेत्र जो नक्सलियों के आतंक से लड़ रहा है वहां के आंकड़े दर्शाते हैं कि योजनाओं का लाभ किसान ले रहे हैं। आमतौर पर आदिवासी बाहुल्य इलाकों में किसान लघु वनोपज की पैदावार अधिक करते हैं। बस्तर क्षेत्र के किसान भी महुआ, तेंदूपत्ता, कोदो, कुटकी , रागी की खेती में ज्यादा ध्यान देते आये हैं लेकिन इस साल 2022 में पिछले छह महीने के आंकड़े बताते हैं कि बस्तर में किसान अनाज की खेती की तरफ भी आकर्षित हो रहे हैं।

इस साल जनवरी से जून तक 6 महीनों में बस्तर के नक्सल प्रभावित 7 जिलों में करीब दो हजार (1 हजार 955) ट्रेक्टरों की बिक्री हुई है। बीजापुर जिले में 180, दंतेवाड़ा में 103, कांकेर में 642, कोंडागांव में 469, नारायणपुर में 98, सुकमा में 141 और बस्तर जिले में 322 ट्रेक्टर किसानों ने खरीदे हैं।

इन योजनाओं से आया किसानों के हाथ में पैसा- छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने बीते साढ़े तीन साल में किसानों के खाते में विभिन्न योजनाओं के तहत करोडों रुपये डाले हैं। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने फसल उत्पादकता में वृद्धि और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए किसानों को सहायता राशि दी जा रही है। राज्य सरकार अब तक किसानों के खातों में 2 वर्षों में 11 हजार 180 करोड़ 97 लाख रुपए का भुगतान कर चुकी है . राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में साढ़े 3 लाख हितग्राहियों के खातों में पैसा डाला गया है। छत्तीसगढ़ गोधन न्याय योजना के अंतर्गत पशु पालकों स्व सहायता समूहों और गौठान समितियों को अब तक 226 करोड रुपए का भुगतान किया जा चुका है और 133 करोड रुपए की गोबर खरीदी की गई है। कोंडागांव के किसान दिनेश नेताम ने 2019 में ट्रेक्टर लिया है। उन्होंने कृषि यांत्रिकी सेवा केंद्र के माध्यम से ट्रैक्टर प्राप्त हुआ था। खेती से उन्हें विगत साल 4 लाख रुपये का लाभ हुआ था। दिनेश ने बताया कि उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना का भी लाभ मिला है।

कुरुडीह में जहरीला सर्प नाजा का किया गया रेस्क्यू, टला खतरा

कोरबा। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर कुरुडीह में आज सुबह स्नैक रेस्क्यू टीम ने ऑपरेशन चलाते हुए नाजा सर्प को अपने कब्जे में लिया। उसके साथ बच्चे भी मौजूद थे। इस तरह का नजारा देखकर ग्रामीण बुरी तरह से डर गए।

जानकारी के अनुसार जहरीला सर्प नाजा अपने 10-12 बच्चों के साथ बाड़ी में अड्डेबाजी करता हुआ दिखाई दिया। इससे लोग भयभीत हो गए। उन्होंने खुद को वहां से अलग किया और आरसीआरएस टीम के प्रमुख अविनाश यादव को फोन कर अवगत कराया गया। जब तक स्नैक केचर की टीम यहां पहुंचती केवल कोबरा का बच्चा अपनी मां के साथ बैठा हुआ था और शेष तितर-बितर हो गए थे। स्नैक केचर ने इन दोनों को मौके से रेस्क्यू किया और बाद में घने जंगलों में छोड़ दिया। सामान्य भाषा में गेंहुआ के नाम से पहचाने जाने वाले इस सर्प का वैज्ञानिक नाम नाजा है जो विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन देखा जा रहा है। जानकारों के मुताबिक इसमें जहर की तीव्रता दूसरों की तुलना में काफी अधिक होती है इसलिए कहा जाता है कि इसके काटने का असर प्रभावी होता है और अधिकांशत: पीड़ितों की मौत हो जाती है।

दो मासूम सहित चार लोग हुए सर्पदंश के शिकार

कोरबा। जिले में अलग-अलग घटनाओं में सर्पदंश के शिकार चार लोगों को कोरबा जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जिनमें दो मासूम भी शामिल है। जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली की रामपुर चौकी अस्पताल अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया खरमोरा निवासी ज्वाला प्रसाद का 06 वर्षीय पुत्र बिरजा पासवान को गत रात्रि सर्प ने डस लिया। जिसे परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह बालको थानाअंतर्गत मुकेश केंवट उम्र 35 पिता फिरतलाल केंवट तथा पाली पंडरिया थाना कोतवाली निवासी अनिकेत कुमार उम्र 20 पिता छेदीलाल को सर्पदंश का गत रात्रि शिकार होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ज्ञात रहे कि इसी तरह एक अन्य घटनाक्रम में उरगा थाना अंतर्गत मास्टर प्रदीप उम्र 07 पिता महेत्तर सिंह नामक मासूम को भी सर्पदंश का शिकार होने पर उसे भी गत रात्रि जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उल्लेखनीय बात यह है कि समय पर सभी सर्पदंश शिकार हुए लोगों को अस्पताल पहुंचने एवं उन्हें एंटीस्नेक वेनम लगाए जाने के कारण बचा लिया गया। हालांकि अभी भी उपचार जारी है और सभी पीड़ित जिला अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

स्कूटी चढ़ाकर घायल करने का प्रयास, दर्ज हुआ अपराध

कोरबा। सिटी कोतवाली की रामपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत निहारिका बैंक कालोनी में नेशनल इंश्योरेंश कर्मी को डेढ़ माह से पुरानी रंजिश को लेकर रेकी करने व स्कूटी चढ़ाकर घायल करने का प्रयास करने के बावजूद भी सफल नहीं होने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के विरूद्ध रामपुर चौकी पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस की गहन विवेचना जारी है।

जानकारी के अनुसार रोशन कुमार झा उम्र 35 पिता अरूण कुमार झा निहारिका के पास स्थित बैंक कालोनी के क्वाटर नंबर एनआई 18 में निवासरत है। जिनका पूर्व इंश्योरेंश करने सुब्रतो सरकार पिता डीएन सरकार निवासी रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा के साथ पुरानी रंजिश रखते चला आ रहा था। विगत 09 जुलाई को दोपहर डेढ़ बजे के लगभग अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे को गोद में लेकर रोशन कुमार कालोनी में अपने घर के सामने टहल रहा था। उसी समय स्कूटी से पहुंचे सुब्रतो सरकार ने आगे पीछे दो बार स्कू टी चढ़ाने का प्रयास किया।

खिला ब्रह्म कमल, देखने उमड़ी लोगों की भीड़

कोरबा। ब्रह्म कमल नाम सुनकर ही मन में एक अलग ही सात्विक विचार का संचार हो जाता है। बीत रात्रि एसईसीएल ढेलवाडीह कॉलोनी में ब्रह्म कमल खिले हैं। स्थानीय लोग इस नजारे को देखने के लिए देर रात तक जागते रहे। बताया जाता है कि ब्रम्ह कमल जब पूर्ण रूप से खिलता है, उस समय वहां पर प्रार्थना किया जाए तो उसकी प्रार्थना अवश्य स्वीकार होती है और मनवांछित फल प्राप्त होता है।

ब्रह्म कमल एक विशेष पुष्प है, जो सभी जगहों में नहीं मिलता है। उत्तराखंड में इसे कौल पद्म नाम से जानते हैं। उत्तराखंड में ब्रह्म कमल की 24 प्रजातियां मिलती हैं। पूरे विश्व में इसकी 210 प्रजातियां पाई जाती हैं। ब्रह्म कमल के खिलने का समय जुलाई से सितंबर महीना होता है। उत्तराखंड की फूलों की घाटी में केदारनाथ में पिंडारी ग्लेशियर में यह पुष्प बहुतायत पाया जाता है। इस पुष्प का वर्णन वेदों में भी मिलता है। महाभारत के वन पर्व में इसे सौगंधिक पुष्प कहा गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस पुष्प को केदारनाथ स्थित भगवान शिव को अर्पित करने के बाद विशेष प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। ब्रह्म कमल के पौधों की ऊंचाई 70 से 80 सेंटीमीटर होती है। यह साल में केवल एक बार खिलता है।

जनता यूनियन की नई कार्यकारिणी गठित, अखिलेश बने अध्यक्ष

कोरबा। सीएसईबी जनता यूनियन कार्यालय कोरबा पश्चिम में बैठक का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कोरबा पश्चिम के उत्पादन शाखा मे पदाधिकारियों का गठन करना रहा। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी प्रांतीय संगठन सचिव पी के पाठक, प्रांतीय प्रचार सचिव किशन अग्रवाल एवं एल एन यादव वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित हुए। वितरण शाखा कोरबा के पदाधिकारी अध्यक्ष सम्मेलाल श्रीवास, सचिव दिनेश कुमार चंद्रा कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह राठौर, पंकज सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जेसु रत्नम, मोहम्मद नासिर एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष योगेश राठौर को नियुक्त किया गया।

वार्ड क्र.12 में जल जमाव से मुक्ति नही, लोगों की बढ़ी परेशानी

कोरबा। शारदा विहार वार्ड क्रमांक 12 के अंतर्गत अमरैया को जाने वाले एक रास्ते को जल जमाव से मुक्त नहीं किया जा सका। अब यहां कीचड़ हो जाने से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। परेशानी से बचने के लिए लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। बार-बार नगर निगम का ध्यान आकर्षित करने पर भी पुरानी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

इस रास्ते पर पानी के भरे होने के कारण आए दिन घटनाएं हो रही थी। आखिरकार लोगों को चंदा कर मुरुम डालनी पड़ी। लोगों ने बताया कि इस कोशिश से कुछ राहत मिली लेकिन अति उत्साही जनप्रतिनिधि के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से प्राहश्वत मलबा और कचरा यहां डलवा दिया गया। नतीजा यह हुआ कि दो दिन पहले हुई बारिश के चकर में अच्छी-खासी जमी हुई मुरुम का बेड़ागर्क हो गया। अब हालात ऐसे हैं कि इलाके में कुल मिलाकर कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है। इस स्थिति में यहां से पैदल चलना काफी मुश्किल भरा काम हो गया है। वहीं वाहनों के पार होने पर आसपास के घरों की रंगत बदल रही है। लोग बताते हैं कि उन्हें अपने काम के लिए बाहर जाने के दौरान लंबी दूरी वाले रास्ते का विकल्प अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि यहां जल जमाव की समस्या एक दशक से कायम है लेकिन इसे ठीक नहीं किया गया।

एक बार फिर सबके दिल में उतर गये एसपी भोजराम पटेल

कोरबा। एस पी भोजराम पटेल का ट्रांसफर कर दिया गया है। वो अब महासमुंद के एस पी पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ट्रांसफर होने के बाद उन्हें एसपी ऑफिस में विदाई दी गई। विदाई के बाद भोजराम पटेल ने अपने स्टाफ से बात की। इसके बाद जाते.जाते वह सीढिय़ों पर झुक गए और अपने दफ्तर को प्रणाम किया। जाते वक्त उन्होंने अपने स्टाफ से कहा कि यदि कभी मेरे कुछ कहने की वजह से मन को दुख हुआ हो तो माइंड मत करना, अच्छे से रहना।

लंबे समय तक कोरबा एसपी की जिम्मेदारी संभाल चुके भोजराम पटेल अपने यूनिक आईडियाज के लिए जाने जाते हैं। इस बीच उन्हें महासमुंद की जिम्मेदारी दे दी गई है। शनिवार को उनके विदाई का कार्यक्रम रखा गया था। जहां सभी पुलिस स्टाफ मौजूद थे। उसी दौरान एक ऐसा नजारा देखने को लोगों को मिल गया, जो यह बताता है कि भोजराम पटेल अपने काम से कितना प्रेम करते हैं।

दरअसल विदाई के बाद भोजराम सभी स्टाफ से दफ्तर के बाहर बात कर रहे थे। उन्होंने उनसे साफ कहा कि यदि कभी भी मेरी किसी बात से दिल दुखा हो तो माइंड मत करना। इस पर एक पुलिस अधिकारी ने भी उनसे कह दिया कि कभी भी हमसे कोई भूल चूक हुई हो तो सर माफ करेंगे। इस पर भोजराम मुस्कुराने लगे और दफ्तर के सीढिय़ों के पास पहुंच गए। पहले तो उन्होंने अपना जूता उतारा। फिर सीढिय़ों पर झुककर ऑफिस को प्रणाम किया, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

भोजराम पटेल अपनी अलग तरह की कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। वो कोरबा में कई बार जनता के बीच जाते दिखाई दिए। तुंहर पुलिस तुंहर द्वार योजना, संगवारी पुलिस योजना जैसी तमाम योजना उन्होंने शुरू की थी। जिसके तहत पुलिसकर्मी अलग-अलग गांवों में लोगों के घर जाते थे। इसके बाद लोगों की शिकायत सुनी जाती थी। लोग भी पुलिस की इस पहल से काफी खुश हैं। कई बार तो भोजराम पटेल को लोगों के बीच बैठे देखा गया। वह सीधे जनता से जुडक़र समस्या सुनते थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

असंगठित कामगारों के लिए केंद्र सरकार कर रही काम: भाजपा

कोरबा। प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान असंगठित श्रमिक मोर्चा ने शारदा मंगलम हरदीबाजार में सम्मेलन आयोजित किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि कोविड कालखंड में लोगों के लिए बहुत कुछ किया गया। केंद्रीय योजनाओं से मिलने वाले लाभ लोगों को दिए गए। अभी भी इस दिशा में काम जारी है। मुख्य अतिथि के रूप पूर्व गृह मंत्री एवं रामपुर विधायक ननकीराम कंवर उपस्थित हुए।

सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना की संकल्पना और कार्यों पर फोकस किया गया। हरदी बाजार के वरिष्ठ बीजेपी नेता जगदीश प्रसाद राठौर,अनिल पाटले जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाकी मोंगरा भागवत विश्वकर्मा, पूर्व जनपद सदस्य धवईपुर रामप्रसाद कोराम, जनपद प्रतिनिधि बिरदा दामोदर राठौर,गिरजा बिझवार जनपद सदस्य कटसीरा,उत्तम पटेल, मंच संचालन संतोष पटेल पिछला वर्ग मोर्चा महामंत्री हरदी बजार,राजकुमार कश्यप किसान मोर्चा महामंत्री कटघोरा, आकाश राठौर एलखन दास, सूर्या सिंह,संतोष कंवर अध्यक्ष मंडल कटघोरा प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना, नर्मदा बिंझवार प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना महामंत्री कटघोरा,दिनेश कश्यप, राजेश राठौर, कन्हैया कंवर, महासिंह कंवर, शिव सिंह,राम नाथ,जयरतन सिंह,रथ लाल,अमरगांधी अध्यक्ष भिलाई बाजार, राजकूमार पटेल, भोज प्रसाद,राज ओगरे, राम कुमार यादव, राजा मिश्रा,हिमांशु ओग्रे,राकेश ओग्रे, अभिसेख ओग्रे,सूरज ओग्रे, विवेक ओग्रे,राजेश ओग्रे, संतोष कुमार यादव, रोशन कुर्रे, उमेश पाटले, रवि कुर्रे, दिलहरण कुर्रे, कृष्णा यादव, दिलबंधु कुमार, छेदी लाल यादव आदि उपस्थित थे। राहुल जांगड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।